# NSS Activities during the years 2015-2020

# NSS ACTIVITIES

**Impact of extension activities**

Govt. Hamidia Arts and Commerce College organizes a number of extension activities to promote institute-neighborhood community to sensitize the students towards community needs. The student of the college actively participate in the multifarious activities organized in the field of social service which leads to the overall development of the students. Through the NSS unit the college effectively carries out various extension activities which are as follows:

- Adoption of the viz *‘HinautiSarak’* and ‘Bhoyipura’ and 7 days residential camp in the village to make the villagers aware of cleanliness, hygiene, their voting rights and duties.
- Health awareness programs/checkups.
- Swachchta Drive/Environmental Awareness Drive.
- Awareness Drives through Nukkad Nataks.
- AIDS awareness programs.
- Financial literacy and Digital Banking program in collaboration with SBI Bank to make the students familiar with the functioning of the bank.
- Voter awareness campaign (SVEEP).
- Industrial Visits to NAHAR Spinning Mills, Devika Herbals, Ramani Group, EICHER Tractors etc. to enhance the enterperennial skills of the students.
- Visit to Manav Sanghralaya (under “Ek Bharat Shreshta Bharat Scheme”) to make students aware of Tribes of India and Tribal Art. A special lecture on the cultural heritage of Manipur state was organized.
- Under “Ek Bharat Shreshta Bharat Scheme” a group of 16 members visited to, Manipur where the students learned about the culture, traditions, tourism, language of Manipur. They met Hon. Dr. Nazma Heptulla, the governor of Manipur, an alumni of Hamidia invited them at the dinner and provided them with the literature of Manipur and thus had a great impact of culture.
- Plantation program
- Blood Donation Camp
- Anti-Tobacco Rally
- No Plastic Zone
- Lecture on Road Safety Rules.
- Participation of the students in Republic Day Parade in New Delhi.

These outreach and extension activities have not only sensitized the students towards social issues but also helped them to receive appreciation and award in the field of cleanliness from Shri Shivraj Singh Chouhan of M.P. and SVEEP program from Youth Parliament.

During the COVID-19 Pandemic, the volunteers of NSS along with police administration created awareness among the people to wear mask, maintain social distancing, use sanitizers and wash hands frequently as preventive measures from getting infected. Student in collaboration with Seva Bharti distributed food packets and Ration to the economically backward people. 6 students during the COVID-19 period donated blood plasma at Bansal Hospital to save the life of COVID patients.

It is worth mentioning that the student Nilima Shrivasatava of Drawing and Painting Department when admitted in the Chirayu Hospital as a COVID patient sketches of the doctors and nurses to express her gratitude and thankfulness towards Saviors of the Humanity.

This activities imbibed leadership, self-confidence, community relationship thus adding a multi dimension to personality. One of the bright students of college Shubham Chouhan is designated as the Brand Ambassador of ‘Swachhata Abhiyan’

# Awareness for Voting

2 भोपाल, शुक्रवार, 18 जनवरी, 2019 **नवभारत** भोपाल

## मतदाताओं को जागरूक करना जरूरी

भोपाल, 17 जनवरी. मतदान की अनिवार्यता लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ हैं. दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में मतदान को अनिवार्य करने के बजाय मतदाताओं को जागरूक करने पर ध्यान देना चाहिए, यह विचार छात्रों ने हमीदिया महाविद्यालय में 9 वें राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय वाद- विवाद प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए.

### हमीदिया कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित



राजधानी की हमीदिया कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया.

चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से आदर्श मतदान केंद्र विषय पर चित्रकला, राष्ट्र निर्माण में मतदाता जागरूकता विषय पर निबंध एवं सुगम एवं समावेशी मतदान विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें 18 महाविद्यालयों के लगभग 100 छात्र- छात्राओं ने सहभागिता की. वाद- विवाद स्पर्धा में (पक्ष) की ओर से शुभम चौहान हमीदिया महाविद्यालय को प्रथम स्थान मिला, जबकि विपक्ष की ओर से भवानी प्रसाद सिंह विजेता रहे. चित्रकला में प्रथम स्थान हमीदिया के सिद्धार्थ त्रिपाठी को मिला वहीं असित कुमार दास (एसवी पालिटेक्निक) दूसरे स्थान पर रहे. निबंध में संत हिरदाराम की मोना कृपलानी प्रथम स्थान पर रहीं. जबकि शुभम कुमार झा (एक्सीलेंस कालेज) दूसरे स्थान पर रहे. स्लोगन में नूतन कॉलेज की अनामिका चौहान प्रथम स्थान पर रहीं. राजपूत सत्यसाई की प्रियंका को द्वितीय स्थान मिला.



मतदाता जागरूकता समावेशी विकास में मदद करती है, निरक्षरता दर को कम करती है, कमजोर तबके के हितों को उजागर करती है और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है और इसलिए मतदाता जागरूकता राष्ट्र निर्माण में एक एंकर की भूमिका निभाता है. -शुभम कुमार झा, छात्र

# Swacch Bharat Abhiyan

भोपाल, मंगलवार 03 नवंबर 2015 8

### हमीदिया महाविद्यालय द्वारा आयोजित रासेयो के आयोजन में बोले सांसद-

## स्वच्छता हमारी आदत बनें: संजर








संवाददाता, भोपाल/तारासेवनिया।

स्वच्छता हमारी दैनिक आदत का हिस्सा बनना चाहिए। कहा गया है कि स्वच्छता से ही लक्ष्मी का वास होता है। यह उद्गार भोपाल सांसद आलोक संजर ने व्यक्त किया है।वे राजधानी स्थित शासकीय हमीदिया महाविद्यालय द्वारा आयोजित रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। राजधानी से लगे हुए ग्राम तारासेवनिया में यह शिविर लगाया गया है। यह 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि इसी गांव को सांसद आलोक संजर ने गोंद भी लिया हुआ है। उन्होंने स्वच्छता अभियान की शुरूआत इसी गावं से की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से पूरे देश में स्वच्छता अभियान तथा गांव को जानकारी देने का माध्यम सराहनीय है। मध्य प्रदेश रासेयो के राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ. आर के विजय जी ने कहा की रासेयो का स्वयंसेवक ऐसे शिविरो के माध्यम से सम्पूर्ण समाज में एक नई ऊर्जा के साथ प्रतिनिधित्व करना सीख जाता है।

डॉ ए के सक्सेना कार्यक्रम समन्वयक रासेयो भी वहां उपस्थित थे। हमीदिया महाविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय गौरव राहुल सिंह परिहार (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो मुक्त इकाई ब वि वि) भी वहां पहुंचे। राहुल सिंह परिहार ने कहा कि इस महाविद्यालय की रासेयो इकाइयों ने ऐसे ही शिविरों के माध्यम से देश प्रदेश और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओ को जन्म दिया है। और उन्होंने कहा महाविद्यालय की रासेयो ने प्रदेश को मंत्री सांसद तथा मुख्यमंत्री भी दिए है जो वर्तमान में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

डॉ पी के जैन प्रभारी प्राचार्य ,महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर एस नरवरिया एवम् डॉ आर पी शाक्य के निर्देशन में शिविर का संचालन हो रहा है। अतिथियों का आभार शिविर नायक अतुल सिंह राजावत व राजीव त्रिपाठी ने किया। शिविर का संचालन शिविर नायक अतुल सिंह राजावत कर रहे है। शिविर में लगभग 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया है जो ग्रामीणों को सरकारी योजनाओ से अवगत करने के साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। शिविर के सफल संचालन में अतुल सिंह राजावत, राजीव कुमार त्रिपाठी, विनय शर्मा, संदीप साहू,गब्बर सिंह, कुलदीप सिंह लोवंशी, राहुल, अविनाश, निधान, शिवा, भैरवेंद्र, पंकज, जगमोहन, अंकुर, बसन्त आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# Blood Donation & Distribution of Food Items During Covid-19 Time




## शिक्षा सेवियों ने जरुरतमंदों तक पहुंचाई राहत सामग्री



▶भोपाल ब्यूरो दैनिक जयहिंद न्यूज़. औधोगिक क्षेत्र भेल के दीनदयाल नगर में जरुरतमंद लोगों को शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने राहत सामग्री प्रदान की। शासकीय हमीदिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके जैन, जिला संगठन डॉ. आरएस नरवरिया, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में हिंदी के प्राध्यापक डॉ. सुधीर कुमार शर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा बागड़े, उपासना भदौरिया,आरती पवार, प्राध्यापक समाजशास्त्र डॉ सुधीर शर्मा ने सहयोग कर सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर जन संगठन दृष्टि के निदेशक प्रिंस अभिषेक अज्ञानी, राजकुमार शिवम,मनोज चतुर्वेदी, भुवनेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा,जयप्रताप सिंह, दानिश खान उपस्थित रहे।

# Student Learning Arts of Living During the NSS Camp


18 नवदुनिया भोपाल, रविवार 17 फरवरी 2019 | लाइव अपना शहर


## 'दम निकले इस देश की खातिर बस इतना अरमान है'

### प्रकृति की गोद में एनएसएस वालंटियर्स सीख रहे जीने की कला

भोपाल। नवदुनिया रिपोर्टर

'दम निकले इस देश की खातिर बस इतना अरमान है, एक बार इस राह में चलना सौ जन्मों के समान है' यह उद्गार राष्ट्रीय सेवा योजना हमीदिया महाविद्यालय के शिविर में चौथे दिन महानिदेशक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मप्र केएन तिवारी ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हम जब रासेयो के शिविरों में जाते हैं तो सामूहिकता की भावना विकसित होती है एवं जीवन के उद्देश्य को निर्धारित करने की ललक भी विकसित होती है। अन्यथा हम किसी बिना पतवार की नाव जैसे इधर से उधर भटकते रहते हैं। सैनिक देश के लिए सर्वस्व बलिदान दे सकते हैं तो हम थोड़ा-बहुत समाज के लिए कुछ क्यों नहीं कर सकते? समाज में व्याप्त बुराईयों और समस्याओं के लिए हम स्वयं दोषी हैं। जहां गलत हो वहां आवाज उठानी होगी।




हमीदिया कॉलेज के एनएसएस शिविर में अतिथि रासेयो छात्रों को संबोधित करते हुए।

### गांवों के विकास से देश का विकास

कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं नेतृत्व क्षमता पर भोपाल सांसद आलोक संजर एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने युवाओं को संबोधित किया। श्री संजर ने कहां की गांवों के विकास में ही भारत का विकास निहित है। गांवों में ही भारत की आत्मा बसती है। विधायक शर्मा ने कहा कि शहरों की भागदौड़ से निकालकर प्रकृति की गोद और स्वच्छ हवा में बिताए हुए यह पल छात्रों के जीवन के सबसे सुखद पल हैं। युवाओं को ही 2022 तक संकल्प से सिद्धी के मूल्यमंत्र को साकार करने की आवश्यकता है। सभी ने अंत में सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा। इस अवसर पर जिला युवा समन्वयक डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने भी अपने विचार रखे। गौरतलब है कि इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शहर समेत ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता शिविर संचालित हो रहे है।

# Blood Donation

दैनिक भास्कर | भोपाल, रविवार 27 मार्च, 2016 | 7

## रक्तदान में सहयोग करने वाली संस्थाओं को किया सम्मानित

### दैनिक भास्कर व हमीदिया ब्लड बैंक की ओर से सम्मान समारोह आयोजित








गांधी मेडिकल कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित (बाएं से) बीएस यादव, डॉ. शंकरलाल पाटीदार और अनुपम चौकसे।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

सालभर आयोजित होने वाले ब्लड डोनेशन कैंप में योगदान देने वाली 107 संस्थाओं को गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में सम्मानित किया गया। समारोह हमीदिया ब्लड बैंक और दैनिक भास्कर समूह की ओर से आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि भास्कर समूह के चेयरमैन रमेशचंद्र अग्रवाल, ब्लड बैंक प्रमुख डॉ. उमेंद्र मोहन शर्मा ने सभी संस्था प्रमुखों का सम्मान किया।

**इन्हें सम्मान:** आईईएस ग्रुप के चेयरमैन बीएस यादव, एलएनसीटी ग्रुप के सचिव अनुपम चौकसे और डॉ. अमितबोध उपाध्याय, सागर ग्रुप के राजवंत सिंह, सबधाणी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर आनंद सबधाणी, ट्रूबा ग्रुप के डायरेक्टर श्याम राठौर और मधुर शर्मा, एनआरआई ग्रुप के जगदीश राठी, एलआईसी के अखिलेश मौर्य, गायत्री परिवार के डॉ. शंकरलाल पाटीदार, कैम्पियन स्कूल के प्रिंसिपल फादर एके लकरा, बीना से गोल्डी अरोरा, कालापीपल से राकेश पाटीदार, सिंडिकेट बैंक से प्रकाश जैन, आर्ट ऑफ लिविंग से श्रुति चतुर्वेदी, संत निरंकारी मंडल से एचएस प्रजापति, केनरा बैंक के डिवीजन मैनेजर विनोद श्रीवास्तव, नाको के कंसल्टेंट डॉ. हरप्रीत सिंह, ब्लड बैंक एम्स के एचओडी डॉ. प्रतुल सिन्हा, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर महेंद्र ठाकरे, योगाचार्य पवन गुरु, टीआईटी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. बालासुब्रमण्यम, हमीदिया कॉलेज के अतुल राजावत, आरके श्रीवास्तव, जनअभियान परिषद की प्रीति नागर, सशस्त्र सीमा बल के डॉ. जीके कामिल, रोटरेक्ट क्लब स्पा. के भूपेंद्र सिंह, एडवोकेट संतोष अग्रवाल, रोटेरियन सुनील जैन 501, वीके श्रीवास्तव, विकास अग्रवाल, जनवंत दागी वेलफेयर सोसायटी के ऋषभ चौहान, एनसीसी, एनएसएस और अन्य सामाजिक संस्थाएं।




# Programme on Financial Literacy

## बैंक को जल्द सूचित कर बड़ी हानि से बचा जा सकता है

### हमीदिया कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर बोले वक्ता

सिटी रिपोर्टर . भोपाल



शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आरबीआई के अतिरिक्त महाप्रबंधक विक्रम गोयल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। यहां उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों का वित्तीय साक्षर होना अनिवार्य है। डिजिटल लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है।

**पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता**

- प्रथम- उत्कर्ष एवं सुभाष
- द्वितीय- करण सिंह
- तृतीय- श्यामसुंदर पटेल

गड़बड़ी होने पर नियत समय में बैंक को सूचित करने पर बड़ी हानि होने से बचा जा सकता है। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पीके जैन ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग एवं कैशलेस को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वहीं संगोष्ठी के दूसरे क्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने डिजिटल ट्रांजेक्शन के बढ़ते कदम और इस दौरान बरतने वाली सावधानियों से जुड़े पोस्टर तैयार किए।

# Aids Awareness Programme & Rally

भोपाल ३ दिसम्बर २०१८, डाक ४ दिसम्बर २०१८



## विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालयों में कार्यक्र






**निर्दलीय संवाद**

**भोपाल। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 1 दिसंबर 2018 को विश्व एड्स दिवस पर भोपाल जिले के महाविद्यालयों में गठित रेड रिबन क्लब द्वारा सम्मिलित रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, आयोजन के प्रथम चरण में दिनांक 31 नवंबर 2018 को 30 महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता,स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें से श्रेष्ठ प्रविष्टियों की जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदर्शनी लगाई गई।**

द्वितीय चरण में आज लगभग 307 सेवक प्रात: 10:00 बजे टॉप एंड टाउन न्यू मार्केट पर उपस्थित हुए जहां संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने एड्स को जानो स्वस्थ जीवन शैली को पहचानो थीम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया उसके बाद युवाओं की रैली को श्री राकेश मुंशी परियोजना संचालक मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं डॉ आनंद कुमार सक्सेना कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में युवा एड्स जागरूकता संबंधी तख्तियां पोस्टर व बैनर के साथ चल रहे थे गगनभेदी नारों के साथ रैली टॉप एंड टाउन से रोशनपुरा चौराहा होते हुए लिंक रोड क्रमांक 1 से आगे बढ़कर आनंद विहार कन्या महाविद्यालय पहुंची लिंक रोड क्रमांक 1 पर मानव श्रृंखला भी बनाई गई ।

आनंद विहार कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना संचालक संयुक्त संचालक व मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अन्य अधिकारी राज्य एनएसएस अधिकारी, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, मध्य प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति जिला संगठक रा से यो संस्थाओं के कार्यक्रम अधिकारी आनंद विहार महाविद्यालय का स्टाफ व रा से यो स्वयंसेवकों के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्वागत उद्बोधन प्राचार्य आनंद विहार महाविद्यालय द्वारा किया गया । कार्यक्रम की रूपरेखा से श्री राहुल सिंह परिहार ने अवगत कराया इसके पश्चात नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया, जिसमें आनंद विहार कन्या महाविद्यालय की स्वयंसेवकों ने रक्तदान थीम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया , एड्स जागरूकता एवं जीवन शैली पर सविता ठाकुर संयुक्त संचालक ने युवाओं को संबोधित किया डॉक्टर आरके विजय राज एनएसएस अधिकारी, डॉ आनंद कुमार सक्सैना कार्यक्रम समन्वयक राशियों व श्री राकेश मुंशी परियोजना संचालक ने भी युवाओं को संयमित जीवन-रक्तदान व पीड़ित मानवता की यथासंभव मदद का आवाहन किया नुक्कड़ नाटक ओं पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताओं में से श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय, द्वितीय सत्य साई कन्या महाविद्यालय व तृतीय शासकीय नवीन महाविद्यालय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय मीडिया महाविद्यालय, द्वितीय सत्य साई महाविद्यालय व तृतीय आनंद विहार कन्या महाविद्यालय रहे।

आभार प्रदर्शन डॉ आर एस नरवरिया जिला संगठक द्वारा किया गया संपूर्ण कार्यक्रम बरेली का संचालन श्री राहुल सिंह परिहार द्वारा किया गया

# 7 Days NSS Camp at Gram Hinauti

भोपाल

भोपाल २८ जनवरी २०२० ,डाक २९ जनवरी २०२०

## हमीदिया महाविद्यालय के रासेयो शिविर का समापन

## सात दिनों तक आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां







निर्दलीय संवाद

भोपाल। राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि जिला युवा समन्वयक डॉ सुरेंद्र शुक्ला,कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रशिक्षक राहुल सिंह परिहार,सचिन वत्स,संदीप जैन रहें।

आयोजन में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मैं भी रासेयो में शुरू से जुड़ा रहा और इसी बीच समाज में कुछ करने का भाव मेरे अंदर जाग्रत हुआ और आज मैं उसी सेवा के माध्यम से समुदाय के बीच में काम कर रहा हूं। युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने आगे कहा कि सामुदायिक सेवा शिविर तक सीमित नहीं होना चाहिए, शिविर से जाने के बाद भी गांवों के लोगों से जुड़कर हमें उनकी समस्याओं को हल करने में मदद करनी चाहिए। स्थानीय थाना प्रभारी श्री भदौरिया, जिला संगठक डॉ.राजेन्द्र सिंह नरवरिया, कार्यक्रन अधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शाक्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।शिविर का नेतृत्व दलनायक आशुतोष मालवीय ने किया।

शिविर में महाविद्यालय के 80 छात्रों ने सहभागिता की एवं विभिन्न जन- जागरूकता गतिविधियां जैसे स्वच्छता,स्वास्थ्य प्रशिक्षण व मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए।

शिविर के एक बौद्धिक सत्र में डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने राष्ट निर्माण तथा डॉ ममता एक्का,डॉ.पुष्पलता चौकसे और डॉ अनिल दुबे ने व्यक्तित्व विकास विषय पर संबोधित किया। प्रख्यात गायक, गीतकार मोहम्मद अजहर सिद्दीकी ने राष्ट्र भक्ति गीत गाए।

# Plantation

दैनिक भास्कर भोपाल, बुधवार 11 जुलाई, 2018

## इंटर्नशिपः गांव जाकर स्टूडेंट्स ने बताया पौधों का महत्व

### हमीदिया कॉलेज के स्टूडेंट्स पहुंचे हिनोतिया गांव




सिटी रिपोर्टर | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के एनएसएस वॉलेन्टियर्स ने स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के अंतर्गत हिनोतिया गांव में पौधरोपण किया। स्टूडेंट्स ने स्कूली बच्चों को हैंड वाशिंग, पर्सनल हाई जीन, टॉयलेट क्लीनलीनेस के बारे में बताया और डोर टू डोर सर्वेक्षण कर गांव के लोगों की समझ का आंकलन किया। इस अवसर पर 'सूखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार' और 'एक वृक्ष सौ पुत्र समान' जैसे कोटेशंस भी गांव में गूंजते नजर आए। पौधरोपण एक्टिविटी में स्टूडेंट्स ने फलदार, छायादार एवं औषधीय महत्व के पौधों के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर अभियान में जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य, वालेंटियर्स शुभम चौहान सहित आशुतोष मालवीय, दानिश, हर्ष, आशीष, अंकुर, गणेश और सरपंच शामिल रहे।

# Providing Artificial hands to the specially abled



८ निर्दलीय, भोपाल | भोपाल | भोपाल ५ अगस्त २०१९ ,डाक ६ अगस्त २०१९

## रोटरी क्लब में दिव्यांगों को निशुल्क प्रदान किए गए कृत्रिम हाथ

### हमीदिया महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने थामी व्यवस्था

निर्दलीय संवाद

भोपाल। बाण गंगा स्थित रोटरी क्लब में चयनित चुनिंदा दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ मुक्त प्रदान किए गए। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर अपटाऊन ने यह आयोजन रख था। संस्था विगत कई वर्षों से मानवता की सेवा के कई प्रकल्प संपन्न करती आ रही है। इस सत्र २०१९-२० में भी अपटाउन नामक योजना से जुड़कर कृत्रिम हाथ मुफ्त प्रदाय किए गये। उक्त अवसर पर शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको ने परोपकारी इंसान के रुप में कृत्रिम लोगो की मदद कर मुख्य भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रहलाद कुमार जैन ने स्वयंसेवको को निस्वार्थ भाव से करने वाली सेवा के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रा से यो जिला संगठक डॉ राजेंद्र सिंह नरवरिया, कर्यक्रम अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद शाक्य व डॉ इंदु चतुर्वेदी मौजूद रहे। समूह का नेतृत्व दल नायक दानिश खान ने किया। गणेश तिलगाम,अमित मालवीय,जितेन्द्र, आदित्य तिवारी, नवीन यादव,लकी पंथी, राकेश, कालूराम,वैभव,कौशिक,नीरज,निति न सिंह,आकाश,संजय,फैड,आदित्य कविया,सुनील,अमित अठीया व सचिन आदि स्वयंसेवको ने पूरी निष्ठा के साथ अपना कार्य किया। रोटरी क्लब ने उन्हें प्रमाण पत्र व पदत प्रदान कर सम्मानित किया।

# Training of Self Defense



## Shumbham Chouhan Receiving Award from Chief Election Officer for SVEEP Programme



## Shumbham Chouhan Declared Brand Ambassador for Swacchata Sarveskshan



# Ek Bharat Shereshta Bharat

## मार्शल आर्ट से कराया अवगत

# मणिपुर के छात्रों की सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई विदाई





सत्ता सुधार | भोपाल

**एक भारत श्रेष्ठ भारत योजनांतर्गत मणिपुर उच्च शिक्षा विभाग का 23 सदस्यीय शिक्षक एवं विद्यार्थी के दल का विदाई समारोह गुरंवार को हमीदिया कॉलेज में आयोजित किया गया।**

विदाई समारोह में मणिपुर के छात्रों ने अपनी पारंपारिक युद्ध कला (मार्शल आर्ट) बड़े ही आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया। छात्र विश्वजीत ने मध्य प्रदेश गान एवं हमीदिया महाविद्यालय के छात्र धर्मेंद्र ने 'सना लईवा मणिपुर' मणिपुर गान भाषा, संस्कृति को आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से गाया। वहीं छात्राओं ने बुंदेलखंडी लोक गीत की प्रस्तुति दी। मणिपुर से आए विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी डॉ रोविन सिंह ने कहा कि जब तक मध्यप्रदेश नहीं आए थे तब तक हमने सांची, ताजुल मस्जिद, मानव संग्रहालय, उज्जैन एवं महू के बारे में सुना था लेकिन इस योजना के माध्यम से उन स्थानों पर जाकर जो अनुभव किया वह हमारे लिए रोमांचकारी हैं। मुख्य अतिथि सचिव उच्च शिक्षा डॉ जयश्री मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश के छात्र एवं मणिपुर के छात्र मिलकर ही नव भारत के निर्माण की संकल्पना को पूरा कर सकते हैं, हमें यह मानना चाहिए कोई भी राष्ट्र तब तक उन्नति नहीं कर सकता जब तक उस राष्ट्र के नागरिक वैचारिक रुप से ना जुड़े हुए हों। मणिपुर का शास्त्रीय नृत्य मणिपुरी, लाई हरोबा एवं खंबा थोइबी अद्भुत नृत्य हैं हमारे यहां जनजातीय समाज में कोई भी कार्य एकल नहीं होता उसी प्रकार पूर्वोत्तर में जितनी भी सांस्कृतिक प्रस्तुतिया होती है।

# Ek Bharat Shereshta Bharat

# छात्रों ने समझी पूर्वोत्तर की संस्कृति

**भोपाल, 31 मार्च. एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के 16 सदस्यीय दल ने 14 मार्च से 27 मार्च तक मणिपुर -नागालैंड में मध्य प्रदेश के चयनित दल की ओर से शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर युवा आदान- प्रदान कार्यक्रम में प्रतिभागिता की.**



## विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापक भी हुए शामिल

प्रतिभागियों ने शासकीय कॉलेज दीमापुर, कोहिमा साइंस एवं कामर्स कॉलेज कोहिमा, मणिपुर कॉलेज, इंफाल कॉलेज, टैस्टो कॉलेज, में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध पारंपरिक नृत्य बधाई, गणगौर,राई एवं कहते हैं हमको प्यार से, इंडिया वाले सहित देशभक्ति गानों पर अपनी प्रस्तुति दी, डॉ अशिवना रांगणेकर ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा रंग और गुलाल झूमे, गोपी और ग्वाल झूमे, फागुन आयो रे ..गीत प्रस्तुत किया. नेशनल जूलॉजीकल पार्क दीमापुर,मोइरान्ग, कोहिमा वार सेमिट्री, जनजाति संग्रहालय कोहिमा, गोविंदा टेंपल की यात्रा कराई गई. शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के एम. ए हिंदी के छात्र शुभम चौहान ने एक भारत -श्रेष्ठ भारत में कला एवं संस्कृति की भूमिका एवं मध्यप्रदेश का परिचय प्रस्तुत किया. दल का नेतृत्व एमएलबी कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रोफेसर सुधीर कुमार शर्मा ने किया.



यह बहुत ही शानदार अनुभव था, हमने वहां की सस्कृंति और सभ्यता को जाना, वहां की प्राकृतिक सौन्दर्य देखना बहुत ही अद्भूत था . वहां की भाषा बहुत अच्छी है, सीखने का मौका मिला, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जो सोच थी पूरी बदल गई.

**-शुभम चौहान**, छात्र

# National Youth Award for Social Work



# National Youth Award for Social Work

